सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक— 5469/सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक: 12—03—2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
बी0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0एड0 संचालित महाविद्यालय,
संबद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बी0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0एड0 सत्र 2025—26 की लिखित परीक्षा के उपरांत प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा संपन्न कराई जानी है। इस हेतु बाह्य एवं आन्तरिक परीक्षक नामित किये जाने हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों के इच्छुक शिक्षकों का ऑनलाइन विवरण पूरित किये जाने हेतु पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त विवरण प्राप्त होने के पश्चात डेटा का सत्यापन किया जायेगा एवं बी0ओ0एस0 **(Board Of Studies)** से अनुमोदित कराने के उपरांत ही परीक्षकों को नामित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

अतः सम्बन्धित महाविद्यालय के इच्छुक शिक्षक अपना विवरण महाविद्यालय लॉगिन पर लिंक **Details of Examiner For External Practical** माध्यम से भरें। बी0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0एड0 में कार्यरत शिक्षकों का समस्त विवरण पूरित करते हुए उसकी हॉर्डकॉपी निम्नलिखित संलग्नकों सहित महाविद्यालय के लेटर पैड पर दिनांक 12—03—2026 से दिनांक 22—03—2026 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि इच्छुक शिक्षकों का सत्यापन कर बी0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0एड0 की प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा 2025—26 में बाह्य एवं आन्तरिक परीक्षक के रूप में नामित किया जा सकें।

आवश्यक संलग्नकः

1. अनुभव प्रमाण—पत्रः न्यूनतम तीन वर्ष से कार्यरत होने का प्रमाण।
2. वेतन विवरणः पिछले तीन वर्षो के नियमित वेतन का विवरण।
3. नियुक्ति/अनुमोदन पत्रः नियुक्ति आदेश या विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनुमोदन पत्र।
4. अनुबंध पत्र**(Agreement)**: कॉलेज एवं शिक्षक के मध्य हुए अनुबंध की प्राचार्य द्वारा प्रमाणित छायाप्रति।
5. संपर्क विवरणः शिक्षक का वैध(Valid) मोबाईल नं0 एवं ई—मेल आईडी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /प0सा0/सि0वि0वि0/2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त सम्बन्धित।
2. अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय/शारीरिक शिक्षा संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. कुलसचिव/वित्त अधिकारी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक